झारखण्ड सरकार

# कार्यालय – वन प्रमंडल पदाधिकारी,
# हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल, वन भवन, हजारीबाग

☎ 06546-222339, Fax no.06546-222339, Email- dfo.hazaribaghwest@rediffmail.com

पत्रांक................................/ दिनांक................................/

सेवा में,

श्री सत्येन्द्र कुमार,
कार्यपालक अभियंता, ( वि. )
बिजली आपूर्ति प्रमंडल,
झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि0
हीराबाग, हजारीबाग।

विषय:– राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि0 का चौपारण ब्लॉक, (चौपारण से चोरदाहा) तक 11 के0वी0 ट्रांसमिशन लाईन निर्माण हेतु 5.6602 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग:– ऑन लाईन प्रस्ताव संख्या FP/JH/TRANS/17225/2015 एवं आपका पत्रांक 354 दिनांक 05.02.2016

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि वन संरक्षण अधिनियम 1980 (संशोधन नियम 2014) के तहत राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि0 का चौपारण ब्लॉक, (चौपारण से चोरदाहा) तक 11 के0वी0 ट्रांसमिशन लाईन निर्माण हेतु 5.6602 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव ऑन लाईन अपलोड कर समर्पित किया गया है, जिसका प्रस्ताव संख्या FP/JH/TRANS/17225/2015 है। प्रस्ताव इस कार्यालय में दिनांक 08.02.2016 को प्राप्त हुआ है। प्राप्त प्रस्ताव के अवलोकनोंपरांत निम्नलिखित विन्दूवार त्रुटियाँ पायी गयी है, जो निम्नवत् है:–

1. संबंधित अंचलाधिकारी द्वारा प्रस्तावित भूमि (वनभूमि +गैर वनभूमि) का ग्रामवार, खसरावार सत्यापित विवरणी (Land- schedule) प्रस्ताव के साथ संलग्न नहीं है।
2. DGPS report in shape file प्रस्ताव के साथ संलग्न नही है। आपके द्वारा KML File हार्ड कॉपी समर्पित किया गया है, जिसमें न तो GPS Co-ordinates को दर्शाया गया है और न ही ग्राम सीमा की Boundary का पता चल रहा है, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि प्रस्तावित ट्रांसमिशन लाईन का मार्ग (Alignment) क्या है?
3. प्रस्तावित वनभूमि में कराये गये ग्राम सभा/आम सभा की कार्यवाही की प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न नही है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त इंगित त्रुटियों का निराकरण कर अनुपालन प्रतिवेदन सह अभिलेख ऑन लाईन अपलोड करते हुए हार्ड कॉपी में प्रमंडलीय कार्यालय में सर्मपित करें, ताकि प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वास भाजन,

ह0/–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

ज्ञापांक :– दिनांक :–

प्रतिलिपि– महाप्रबन्धक–सह–मुख्य अभियन्ता, झारखण्ड विजली वितरण निगम लि0, हजारीबाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि इंगित त्रुटियों का निराकरण कर अनुपालन प्रतिवेदन ऑन लाईन अपलोड करते हुए हार्ड कॉपी प्रमण्डलीय कार्यालय में भी समर्पित करने की कृपा करें।

ह0/–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

ज्ञापांक :– दिनांक :–

प्रतिलिपि– ~~महाप्रबन्धक सह मुख्य~~ का0 अभि0 अभियन्ता, झारखण्ड विजली वितरण निगम लि0, हजारीबाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि इंगित त्रुटियों का निराकरण कर अनुपालन प्रतिवेदन ऑन लाईन अपलोड करते हुए हार्ड कॉपी प्रमण्डलीय कार्यालय में भी समर्पित करने की कृपा करें।

ह0/–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

ज्ञापांक :– दिनांक :–

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

ज्ञापांक :– 863 दिनांक :– 12-02-16

प्रतिलिपि– अपर प्रधन मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग रीजन, हजारीबाग का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/2/16
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

11/2/16